राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 23.06.2020

आयोग द्वारा **उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर 2016,** गृह (ग्रुप–1) विभाग के पदों हेतु साक्षात्कार **दिनांक 08.07.2020** से प्रारम्भ किये जायेगें।

उक्त परीक्षा के साक्षात्कार उपरान्त क्रमशः **जनसम्पर्क अधिकारी 2019** (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग), **उपाचार्य/अधीक्षक (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) 2018** (प्राविधिक शिक्षा विभाग), **समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार–ग्रुप–II 2018 (TSP & Non TSP)** (प्राविधिक शिक्षा विभाग), **खाद्य सुरक्षा अधिकारी 2018 (TSP & Non TSP)** (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं विभाग), **कनिष्ठ विधि अधिकारी 2019 (TSP & Non TSP)** (विधि एव ंविधिक कार्य विभाग) के साक्षात्कार आयोजित किये जायेंगे। साक्षात्कार तिथि से अभ्यर्थियों को यथासमय सूचित कर दिया जावेगा।

साथ ही अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट http://rpsc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर लें और उसे साक्षात्कार की तिथि एवं समय पर दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जावेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट पर यथा समय अपलोड कर दिये जायेगें।

नोटः– 1. साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना **(COVID-19)** के संबंध जारी गाईडलाईन की पूर्णतः पालना करें। कोरोना **(COVID-19) के मद्देनजर उक्त साक्षात्कार तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।**

2. अभ्यर्थी साक्षात्कार के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु 0145–2635200, 2635212 पर सम्पर्क कर सकते है।

(आशीष गुप्ता)
सचिव